# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की थी 40 लाख की ठगी

- गुजरात गैंग का फरार आरोपी गिरफ्तार
- क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में सूरत से पकड़ा आरोपी
- गैंग के दो सदस्य पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर सीनियर सिटीजन से 40 लाख 70 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाली गुजरात की अंतर्राज्यीय गैंग के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी लोगों को पुलिस, सीबीआई अधिकारी बनकर डराते थे और सुप्रीम कोर्ट के फर्जी दस्तावेज भेजकर उन्हें केस में फंसाने की धमकी देकर रकम ट्रांसफर करवा लेते थे. मामले में पुलिस अब तक 23 बैंक खातों को फ्रीज कर चुकी है, जबकि गैंग के दो अन्य आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका है.**

इंदौर कमिश्नरेट में ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों की



पीयूष परमार निवासी सूरत गुजरात

पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी दौरान एनसीआरपी पोर्टल पर इंदौर निवासी 71 वर्षीय सेवानिवृत्त नागरिक ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी. फरियादी के अनुसार 3 अक्टूबर 2024 को सुबह करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को बांदा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताते हुए कहा कि मुंबई में कैनरा बैंक से उनके नाम पर 2 करोड़ 60 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है और इसके बदले उन्हें 15 प्रतिशत कमीशन मिला है. इसके साथ ही आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की फर्जी कॉपी और अन्य कूटरचित दस्तावेज भेजकर उन्हें गिरफ्तारी की धमकी दी. आरोपियों ने फरियादी को कॉन्फ्रेंस कॉल के माध्यम से खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति से बात करवाई, जिसने अपना नाम आकाश कुलकर्णी बताया. उसने जांच के नाम पर फरियादी से उनके बैंक खातों की जानकारी ली और कहा कि रकम की जांच के लिए आरबीआई के खाते में पूरी राशि जमा करनी होगी. डर के कारण फरियादी ने अपनी एफडी तुड़वाकर और बैंक खाते से कई किश्तों में कुल 40 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए. बाद में जब पैसे वापस नहीं मिले तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच थाने में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया. जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले गुजरात से हिम्मत भाई देवानी (58) निवासी सूरत और अतुल गिरी गोस्वामी (46) निवासी कच्छ को गिरफ्तार किया था. वहीं अब इस मामले में फरार चल रहे आरोपी पीयूष परमार निवासी सूरत (गुजरात) को भी क्राइम ब्रांच टीम ने मुखबिर सूचना और साइबर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है.

### गैंग को खाते उपलब्ध करवाते थे

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे ऑनलाइन ठगी के लिए गैंग को बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम करते थे. पुलिस ने ठगी से जुड़े 23 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है. फिलहाल गिरफ्तार आरोपी को रिमांड पर लेकर गैंग के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है.

# खड़े ट्रक से टकराई केले से भरी आयशर, चालक-क्लीनर की मौत

**इंदौर.** कनाडिया थाना क्षेत्र में बिचोली हाप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. केले से भरा आयशर वाहन हाईवे पर खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गया, जिससे चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक आयशर वाहन राऊ से देवास की ओर जा रहा था. बिचोली हाप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई. हादसे के समय ट्रक पर जेसीबी मशीन खड़ी थी. टक्कर इतनी तेज थी कि आयशर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों लोग केबिन में फंस गए. हादसे में चालक रमेश उर्फ राजेश पिता फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश निवासी बोधवाड़ा, धार की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन जेसीबी और क्रेन की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों शव बाहर निकाले. प्रारंभिक जांच में देर रात अंधेरा होने के कारण सड़क पर खड़ा ट्रक और जेसीबी दिखाई नहीं देने की बात सामने आई है. पुलिस ने ट्रक और जेसीबी को जब्त कर जांच शुरू कर दी है.

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**इंदौर.** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर की ऊपरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय घर में परिवार के सदस्य मौजूद थे, लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी. पुलिस के अनुसार ऋषि पैलेस निवासी सुनील (30) पिता हीरालाल ने बुधवार को अपने घर की ऊपरी मंजिल पर फंदा लगाकर जान दे दी. काफी देर तक नीचे नहीं आने पर उसकी मां उसे बुलाने ऊपर पहुंचीं, जहां वह फंदे पर लटका मिला. परिजन उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. सुनील एक मोबाइल बैटरी कंपनी में काम करता था. उसकी शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी और उसकी ढाई साल की एक बेटी है.

# संत के प्रवचनों से प्रभावित होकर 15 वर्षीय छात्र घर से लापता

- पत्र लिखकर बोला अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं

**इंदौर.** कृष्ण विहार कॉलोनी में रहने वाला 15 वर्षीय छात्र बुधवार को घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया. परिजनों को उसके कमरे से एक पत्र मिला, जिसमें उसने संत प्रेमानंद महाराज के वचनों से प्रभावित होकर अपने असली परिवार के पास जाने की बात लिखी है. सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है.

एसआई गौतम ने बताया कि बच्चे के पिता ड्राइवर का काम करते हैं. बुधवार दोपहर वह क्रिकेट खेलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा. जब परिवार ने उसकी तलाश शुरू की तो घर में रखा एक पत्र मिला, जो बच्चे की लिखावट में था. पत्र में उसने अपने माता-पिता, भाई और दादा को संबोधित करते हुए लिखा है कि वह अपने असली परिवार के पास जा रहा है और उसे ढूंढने की कोशिश न की जाए. उसने यह भी लिखा कि वह किसी डांट-फटकार या पढ़ाई में खराब परिणाम के कारण घर नहीं छोड़ रहा, बल्कि उसे अपनी असलियत का एहसास हो गया है. बच्चे ने पत्र में लिखा कि अगर परिजन उसकी असलियत जानना चाहते हैं तो उसके फोटो को देख लें, जिसमें संत प्रेमानंद जी महाराज के वचन लिखे हुए हैं. साथ ही उसने यह भी उल्लेख किया कि उसने एक दोस्त से 500 रुपए उधार लिए हैं, जिन्हें वापस कर देने की बात कही है.

### संभावित स्थानों पर कर रहे तलाश

पुलिस के अनुसार मामला सामने आने के बाद गुमशुदगी दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों और संभावित स्थानों पर बच्चे की तलाश की जा रही है. परिजनों से भी बच्चे के दोस्तों और परिचितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि जल्द से जल्द उसका पता लगाया जा सके.

## एक नजर में

### रोयल रिसोर्ट और एक गोडाउन को किया सील



**महू.** वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में बकाया राजस्व वसूली को लेकर प्रशासन सक्रिय है. इसी क्रम में बड़गोंदा तहसील टप्पा के ग्राम चौरड़िया में रोयल रिसोर्ट और ग्राम कोदरिया में रामचंद्र पिता सिद्धार्थनाथ के गोदाम को डायवर्शन शुल्क बकाया होने के चलते सील किया गया. यह कार्रवाई बड़गोंदा नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़ के नेतृत्व में राजस्व अमले द्वारा की गई. जानकारी में बताया गया है कि रोयल रिसोर्ट की 17,730 रूपए की टेक्स राशि बकाया है, जबकि रामचंद्र पिता सिद्धार्थनाथ के गोदाम की 63,967 की राशि बकाया है. राजस्व विभाग द्वारा कई बार नोटिस और सूचना देने के बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई. इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए रिसोर्ट और गोदाम को सील करने की कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार राधावल्लभ धाकड़ सहित क्षेत्रिए पटवारी व राजस्व अमला मौके पर मौजूद रहा.

### लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए निकली वाहन रैली



**महू.** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के यथा निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है. उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु तहसील विधिक सेवा समिति डॉ अंबेडकर नगर जिला इंदौर द्वारा विद्युत मंडल महू एवं छावनी परिषद महू के समन्वय से प्रचार प्रसार हेतु वाहन रैली का आयोजन किया गया. आयोजित प्रचार प्रसार वाहन रैली को अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति डॉ. प्रीति श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर महू शहर में भ्रमण हेतु रवाना किया गया ताकि आम नागरिकों को लोक अदालत की जानकारी प्राप्त हो सके. उक्त वाहन रैली को हरी झंडी दिखाते समय न्यायाधीशगण विशाल शर्मा तृतीय जिला न्यायाधीश भरत कुमार व्यास पंचम जिला न्यायाधीश सारिका गिरी शर्मा, चतुर्थ जिला न्यायाधीश व न्यायाधीश गण हर्ष ठाकुर, निलेश मूलतकर, श्वेता मिश्रा, दीर्घा एरन, तन्वी माहेश्वरी, ठाकुर सोनाली बंसल, श्रद्धा सिंह, विभा आर्य, अभिलाष कैथल एवं समस्त न्यायालय कर्मचारी गण अभिभाषक संघ से अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर, सचिव अभिषेक जायसवाल व समस्त अभिभाषक गण व विद्युत मंडल महू से ओमप्रकाश गुप्ता सहायक यंत्री महू शहर प्रेम सिंह गणेश, मानपुर प्रभारी कनिष्क अभियंता नितेश कौरव गुर्जर खेड़ा प्रभारी सहायक अभियंता अवधेश अहिरवार, कनिष्ठ अभियंता हासलपुर एवं छावनी परिषद महू के कर्मचारी गण उपस्थित रहे.

### ईको क्लब द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**महू.** ईको क्लब भोपाल उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू में ईको क्लब यूनिट द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के प्रारम्भ में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि डॉ. एकता मेहता प्रोफेसर जैन दिवाकर ने किया एवं मिक्स मिडिया पर व्याख्यान दिया. महाविद्यालय में कार्यशाला में जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने मिक्सड मिडिया हेन्डी क्राफ्ट की कैसे कॅरियर के रूप में चुना जा सकता है, पर विचार व्यक्त किये. महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. रोशन बैंजामिन खान ने अपने वक्तव्य में पुरानी चीजों की ट्रिपल आर के द्वारा रिसाईकल कैसे किया जाए के बारे में विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की. कार्यक्रम में ईको क्लब के प्रभारी डॉ. सुनील खरे ने विद्यार्थियों को शासकीय नौकरी ही नहीं उद्यम व उद्योग में भी रूची लेकर कार्य करे तो रोजगार के अवसरों में निश्चित ही सफलता मिलेगी है. संचालन डॉ. सुनील खरे ने किया. आभार डॉ. प्रकाश मोरे ने माना.


भारत सरकार का लक्ष्य, हर अन्नदाता समृद्ध

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
के द्वारा
पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के तहत 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹18 हज़ार 640 करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधे ट्रांसफर

13 मार्च 2026 | सायं 5:00 बजे | ज्योति-बिष्णु अंतरराष्ट्रीय संस्कृति केन्द्र, खानापारा, गुवाहाटी, असम

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

- अब तक किसानों को मिली ₹4 लाख 9 हज़ार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि
- विश्व की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) योजनाओं में से एक
- किसानों को सालाना ₹6000 की सहायता
- पीएम किसान के 85% से अधिक लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान
- पीएम किसान के हर 4 लाभार्थियों में एक महिला लाभार्थी

पिछले 12 वर्षों में कृषि में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ

- 150+ मिलियन टन के साथ भारत बना विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश
- खाद्यान्न उत्पादन 252 मिलियन टन से बढ़कर 357 मिलियन टन से अधिक हुआ
- बागवानी फसलों का उत्पादन 277 मिलियन टन से बढ़कर 369 मिलियन टन हुआ, साथ ही भारत आम, अमरूद, मैंगोस्टीन, केला और पपीता का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक
- दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक किसानों से तुअर, उड़द और मसूर की MSP पर खरीद सुनिश्चित
- 2026-27 के केंद्रीय बजट में AI आधारित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म 'भारत VISTAAR' की घोषणा, जिससे खेती से जुड़ी जानकारी, सेवाएं और सलाह किसानों तक सीधे एवं सरल भाषा में उपलब्ध होंगी
- ₹26 लाख करोड़ से अधिक से MSP पर गेहूं, धान, कपास, दलहन और तिलहन फसलों की खरीद की गई
- ₹15 लाख 50 हज़ार करोड़ की उर्वरक सब्सिडी से किसानों को सही समय और किफायती दामों पर खाद की आपूर्ति
- कृषि ऋण का प्रवाह ₹8 लाख 45 हज़ार करोड़ से बढ़कर हुआ ₹28 लाख 69 हज़ार करोड़, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रहा मजबूत प्रोत्साहन
- पीएम फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को लगभग ₹2 लाख करोड़ का भुगतान
- कृषि बजट में अभूतपूर्व वृद्धि ₹27 हज़ार करोड़ से बढ़कर अब हुआ ₹1 लाख 40 हज़ार करोड़ से अधिक

CBC 01102/13/0012/2526

बीज से बाजार तक हर कदम पर किसानों के साथ, भारत सरकार

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ या डीडी किसान चैनल पर देखें | न्यूज़ | किसान | किसान कॉल सेंटर 1800-180-1551 (6 AM - 10 PM) | कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर देखा जा सकता है | फॉलो करें | भारती, किसानों का नया एआई चैटबॉट अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 155261 | भारत विस्तार एप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें